कार्यालय प्रभागीय निदेशक,सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,बस्ती।

पत्रांक– 3032 / 33-1 बस्ती, दिनांक, दिसम्बर 14 / 2023

सेवा में,

वन संरक्षक,
बस्ती वृत्त बस्ती।

विषयः– अयोध्या बाईपास (उत्तरी एवं दक्षिणी बाईपास) के 4/6 लेन के निर्माण में अयोध्या वन प्रभाग में प्रभावित 1.586 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 83 वृक्षों के पातन, बस्ती वन प्रभाग में प्रभावित 0.513 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 185 वृक्षों के पातन तथा गोण्डा वन प्रभाग में प्रभावित 0.381 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 51 वृक्षों के पातन अर्थात् कुल 2.48 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 319 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य) का पत्रांक 8बी/यू.पी./06/303/2022/एफ.सी./340 दिनांक 08.09.2023 एवं मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 1422/11–सी– FP/UP/ Road/ 151936/2022 दिनांक 08.12.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में लगायी गयी आपत्ति का बिन्दुवार निराकरण कर निम्न प्रकार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

क्र0 सं0	आपत्ति	निराकरण
1	2	3
1	भारत सरकार की आपत्ति सं0–04 के निराकरण के क्रम में प्रभागीय निदेशक, बस्ती द्वारा अपलोड किया गया सी0ए0 स्थल का Geo Referenced Digital Map स्पष्ट नहीं है तथा रोड साइड वृक्षारोपण योजना प्रस्तावित की गयी है, जोकि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा स्वीकार नही किया जा रहा है। अतः वन ब्लाक में वृक्षारोपण स्थल का चयन कर संशोधित स्थल का kml file, Geo Referenced Digital Map, SolToposheet प्राक्कलन, उपयुक्तता प्रमाण–पत्र एवं उससे सम्बन्धित विवरण यथास्थान पर अपलोड करे।	वन ब्लाक में वृक्षारोपण स्थल का चयन कर संशोधित स्थल का kml file, Geo Referenced Digital Map, SolToposheet प्राक्कलन, उपयुक्तता प्रमाण–पत्र एवं उससे सम्बन्धित विवरण यथास्थान पर अपलोड कर दिया गया है। संलग्न है।
2	भारत सरकार की आपत्ति सं0–05 के निराकरण के क्रम में बस्ती वन प्रभाग में रोड साइड वृक्षारोपण स्कीम ऑनलाइन पार्ट–2 में अपलोड नहीं की गयी है।	ऑनलाइन पार्ट–2 में अपलोड कर दिया गया है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(जय प्रकाश सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बस्ती।

संख्या 3032/उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि प्रभागीय वनाधिकारी अयोध्या एवं गोण्डा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रायबरेली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(जय प्रकाश सिंह)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बस्ती।